तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025

12 शिक्षक के खिलाफ हर्बल लाइफ के प्रचार की शिकायत



12 रीजनल क्रिकेट प्रतियोगिता में विहान लूनिया का चयन





## खबर संक्षेप

### शराब दुकान के सुपरवाइजर से मारपीट

**महासमुंद।** शराब दुकान में घुसकर सुपरवाइजर से मारपीट करने के मामले में बसना थाने में ईगल हंटर कंपनी के जीएम के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को विदेशी मदिरा दुकान बसना के सुपरवाइजर देवप्रसाद बरिहा ने एफआईआर में बताया कि 5 अगस्त को ईगल हंटर मेसर्स कंपनी का जीएम आलोक गुप्ता निवासी रायपुर शराब दुकान बसना में दोपहर 1-2 बजे के बीच आया और गाली गलौज कर कालर पकड़कर मारपीट करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर ठेकेदार से मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि ठेकेदारी का काम करने वाले जहीर अली, वार्ड नं0 12 श्याम बिहार बंसुला ने रिपोर्ट लिखाई है कि 8 अगस्त की दोपहर करीबन 2 बजे उसे अवधेश मिश्रा फोन किया व पुरानी रंजिश की बात को लेकर विवाद कर मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद वह अपने दोस्त ओसाम खान के साथ रात करीबन 9.30 बजे अवधेश मिश्रा से मिलने के लिये रायपुर बाईपास के पास गया था। कुछ समय बाद अवधेश मिश्रा अपने दोस्तों के साथ वहां पर मोटर सायकल से आया व गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की।

# छलकते आसुंओं के बीच बहनों ने लिया भाइयों से जेल न आने का प्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जेल में निरुध्द बंदियों को राखी बांधने पहुंची बहनों ने अपने भाईयों से अपराध से दूर रहने की शपथ ली। शनिवार को रक्षा सूत्र बांधने पहुंची बहनों के चलते जेल परिसर गुलजार रहा। राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में बहनें सुबह से ही जेल गेट पर पहुंच गईं। जिला जेल में रक्षाबंधन पर्व पर कैदी भाइयों को बहनों ने राखी बांध कर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हाथों में रक्षा सूत्र और मिठाईया लेकर पहुंची बहनों ने अपनी बारी का इंतजार किया। मुलाकात के दौरान जेल में बंद भाइयों को रक्षा सूत्र बांधते माहौल काफी गमगीन रहा। अपने स्वजन और भाई को जेल में निरुध्द देख बहनों के आंखों से अश्रु की धार बह निकली। भाईयों ने अपनी बहनों को अपराध से दूर रहने का भरोसा दिलाया।

## जेल परिसर में रक्षाबंधन के दौरान उमड़ा भावनाओं का सैलाब



### 135 बंदियों की कलाईयां सजीं

जिला जेल में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन विशेष सुरक्षा के साथ किया गया। कार्यक्रम में जेल के बाहर पुलिस बल की तैनाती रही। सीसीटीवी कैमरा से भी जेल परिसर की निगरानी होती रही। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक चला। कार्यक्रम में कुल 135 बंदियों के बहने जेल में निरूद्ध बंदियों को राखी बांधने आई। चंदन, फूल, दीपक की व्यवस्था की गई। इस दौरान कुल 240 बहनें जेल में प्रवेश कर अपने भाइयों को राखी बांधी।



### जेल प्रबंधन ने बहनों से कराई बंदियों की बात

जेल अधीक्षक मुकेश कुशवाहा ने बताया कि ऐसे बंदी जो अन्य राज्य के थे, जिनकी बहनें राखी बांधने नहीं आ सकी, ऐसे बंदियों को प्रियजन कॉलिंग के माध्यम से उनकी बहनों से बात कराई गई। इस दौरान स्नेहिल एवं भावनात्मक माहौल रहा। उक्त कार्यक्रम चौकस सुरक्षा व्यवस्था के साथ सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

**विडंबना:** हर साल गर्मी के दिनों में पानी की होती है किल्लत, फिर भी नहीं दिखा रहे जागरुकता

# दफ्तरों एवं घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम फेल

### नए मकानों के लिए नियम के तहत ली जा रही है फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गिरते जल स्तर को बचाने की मुहीम वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर बारिश के जल को बचाने की योजना बदहाल स्थिति में हैं। निजी भवनों की तो छोड़िए सरकारी कार्यालयों में लगे सिस्टम के क्या हालात है यह देखने की फुर्सत तक विभागों के पास नहीं।

इधर, शहर में बनने वाले नए मकानों के लिए पालिका के नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की फीस तो ली जा रही है। लेकिन, निजी भवनों पर इसकी भी जांच नहीं हो पा रही है।

पालिका सूत्रों ने बताया कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने में तेजी आई है। पिछले तीन सालों में शहर में 4 हजार मकानों को बनाने के लिए परमिट जारी हुए थे, उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनना अनिवार्य किया गया है। मालूम हो कि जिले में सालाना औसत तकरीबन 1200 मिलिमीटर बारिश होती है। बावजूद इसके प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में जलसंकट की स्थिति रहती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की पहल की जाती है ताकि वर्षा जल को स्वच्छ तरीके से जमा कर वहां के भू-जलस्तर को रिचार्ज किया जा सके।



### ग्रामीण इलाकों के भवनों में लगने हैं सिस्टम

शहर की बात करें यहां के पांच प्रतिशत मकानों और दफतरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हो सकता है। जिले के ग्रामीण इलाकों के पंचायतों के नए आंगनबाड़ी, पंचायत भवन में वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाया जाना है। इसके अलावा पुराने ग्रामीण सरकारी भवनों में रुफटॉप पर वाटर हार्वेस्टिंग में भी अब रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम से कराया जा रहा है।

### 2020 में परित हुआ था आदेश

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 31 जुलाई 2020 को मनरेगा के तहत जिले के गांवों में सरकारी या पंचायत भवनों में छत पर निर्मित वर्षा जल संचयन संरचनाओं की जानकारी सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से मांगी थी। इसके लिए तकरीबन 15 लाख रुपये की योजनाओं का क्रियान्वयन भी कराया जाना था। उन्होंने जिले के नये 91 आंगनवाड़ी भवन, 7 नवीन ग्राम पंचायत भवन के साथ-साथ अन्य पुराने सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने के निर्देश दिए थे।

### नए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनना है अनिवार्य

नगरपालिका के अधिकारी कहते हैं कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जितनी भी नई बिल्डिंग के लिए परमिशन जारी किए उसके लिए शासन और पालिका प्रशासन बेहद गंभीर है। नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा है कि अभी जितने भी भवन के लिए परमिशन जारी किए जा रहे हैं, उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही इसके एवज में घर बनाने वाले से 15 हजार रुपए के हिसाब से राशि पालिका द्वारा जमा कराई जाती है।

## रास्ता रोककर मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस नोहर सिंह राजपूत वार्ड नं 9 नयापारा ने बताया कि वह 7 अगस्त को वह और जैन लाल एवं कोमल उइके दो मोटर सायकल में एनएच 53 रोड बिरकोनी चंडी मंदिर गये थे। रात्रि करीबन 11.50 बजे बेमचा एवं परसवानी के मध्य तालाब के पास पहुंचे थे कि रास्तेक में तुषार चंद्राकर, शुभम निर्मलकर, पप्पू निर्मलकर एवं अन्य उसकी स्कूटी को रोका और उसके एवं कोमल उइके के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। साथ ही स्कूटी को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# बाल कलाकार करेंगे विधिक जागरूकता पर आधारित नाटक, रिहर्सल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली नालसा के मंशानुरूप जागृति योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर न्याय जागरूकता एक अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है।

जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करना है। ताकि, वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन पर जिले में, जिला अथवा तालुका स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र हरिचंद के द्वारा छोटे बच्चों की एक टोली बनाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम लोगों को कानूनी जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से बच्चों को यह गुर सिखाया जा रहा है। ताकि, किसी आयोजित होने वाले आयोजनों मे मंच के माध्यम से कानूनी जागरूकता संबधित प्रस्तुति दी जा सके। जागृति योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर न्याय जागरूकता, सूचना और पारदर्शिता पहल कर समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से प्रदान किया जा सकता है। ताकि, वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। उल्लेखनीय है कि नालसा की जागृति योजना 2025, जागृति (जमीनी स्तर पर न्याय जागरूकता, सूचना और पारदर्शिता पहल) नामक एक योजना है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें. यह योजना नालसा (राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण) द्वारा चलाई जा रही है और इसका लक्ष्य न्याय को सभी के लिए सुलभ बनाना है। जिसका लक्ष्य कानूनी जागरूकता फैलाना और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है। यह योजना विशेष रूप से कमजोर समूहों जैसे महिलाओं, मजदूरों, वृद्धों और बच्चों पर केंद्रित है, और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है। विशेष रूप से वे जो कानूनी प्रणाली से अपरिचित हैं या जिन्हें कानूनी सहायता की आवश्यकता है।



## शिवालयों में श्रावणी पूजा की हुई पूर्णाहुति

**महासमुंद।** सावन मास पर शिवालयों में एक माह तक चले श्रावणी पूजा की रक्षाबंधन सावन पूर्णिमा के दिन अभिषेक, हवन, पूजन के साथ पूर्णाहुति हुई। आसपास के प्रसिद्ध शिवालयों में मंदिर समिति व जजमानों द्वारा अभिषेक हवन किया गया। बम्हनी में बम्हनेश्वर महादेव मंदिर तथा सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 10 बजे से पूर्णाहुति का अभिषेक हवन हुआ। 7 किलो दूध से महादेव का दुग्धाभिषेक किया गया। पश्चात हवन पूजन में श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए पूर्णाहुति का सांखला अर्पित किया। ईश्वर साहू, नाथू बया समेत करीब 8 कंवरिये बम्हनी से जल लेकर सुबह साढ़े 5 बजे सिरपुर पहुंच गए थे। स्नान के बाद करीब 6 बजे पूर्णाहुति के रूप में जलाभिषेक किया। अभिषेक विधान धर्मेन्द्र गिरि गोस्वामी ने पूर्ण कराया। इसी तरह हवन विधान नारायण शर्मा ने पूर्ण कराया। इस मौके पर ट्रस्ट कमेटी की ओर से मोहनलाल वर्मा, सुखीराम हिरवानी, अमन गिरि गोस्वामी, थनवार यादव, पदमन पाण्डेय, अमसेना से शेष नारायण अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, सरायपाली से राजू अग्रवाल, अमन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल आदि शामिल हुए।

## कार्यक्रम में 95 ब्रह्मचारियों ने ली दीक्षा

# गुरुकुल कोसरंगी में भारतीय संस्कृति की भव्य झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- वेद धर्म की पताका और सनातन संस्कृति की रक्षा की जिम्मेदारी ब्रह्मचारियों पर है: धर्मानंद

गुरुकुल कोसरंगी में श्रावणी पर्व के अवसर पर आयोजित उपनयन, वेदारंभ और साधना दीक्षा समारोह में ज्ञान, साधना और संस्कार का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर कुल 95 ब्रह्मचारियों ने दीक्षा ग्रहण की। 65 ने उपनयन, 25 ने वेदारंभ और 5 ने साधना दीक्षा प्राप्त की।

आर्य रत्न, तपोनिष्ठ सन्यासी पूज्य स्वामी धर्मानंद सरस्वती महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि गुरुकुल के ब्रह्मचारी केवल विद्यार्थी नहीं, बल्कि वेद धर्म के सिपाही हैं। वेद धर्म की पताका और सनातन संस्कृति को बचाने का उत्तरदायित्व इन्हीं के कंधों पर है।



समाज, गुरुकुल और इनके माता-पिता सभी को इनके मार्गदर्शन और सहयोग में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

### श्रावणी पर्व-ज्ञान साधना का महोत्सव

पतंजलि के स्वामी नरेंद्र देव तथा मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि श्रावणी पर्व ज्ञान साधना का पर्व है। डॉ. अजय आर्य ने जोर देकर कहा कि समाज का सबसे बड़ा शत्रु अज्ञान है। अंधविश्वास, पाखंड, जातिवाद जैसी विसंगतियों को दूर करने का एकमात्र उपाय है सत्य ज्ञान का प्रसार, और यह कार्य गुरुकुलों के माध्यम से ही संभव है।

### अतिथि एवं प्रबंधकों की गरिमामयी उपस्थिति


कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पधारे गुरुकुल के संचालक एवं प्रबंधक आचार्य सुरेश, आचार्य मुकेश, मंजू अश्वल्या, राकेश दुबे, रमेश सोमानी, बलदेव अश्वल्या, रमेश पाठक और अरुण साहू। सभी ने गुरुकुल के कार्यों की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति के संरक्षण का सशक्त माध्यम बताया।

### संस्कार का भावुक क्षण

दीक्षा के समय ब्रह्मचारियों द्वारा भिक्षाम्-देहि की विनती ने माता-पिता और उपस्थित वेदभक्तों को भावविह्वल कर दिया। यह दृश्य केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि जीवनभर के लिए धर्म और संस्कृति की सेवा का संकल्प बन गया।

### समापन संदेश

गुरुकुल कोसरंगी न केवल शिक्षा का स्थान है, बल्कि वह पवित्र भूमि है जहाँ से ज्ञान, चरित्र और राष्ट्रप्रेम की धारा प्रवाहित होती है। यहाँ दीक्षा ग्रहण करना वेद धर्म की ज्योति को आगे बढ़ाने का व्रत है।



**खबर संक्षेप**



## सावन के अंतिम सोमवार को अनेक धर्मिक अनुष्ठान

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित नंदीश्वर में सावन के अंतिम सोमवार को भव्य पूजा अर्चना हुई। भक्तों ने नंदीश्वर में अभिषेक किया। और ओम नमः शिवाय के जाप के था। बेल पत्र व जयकारे लगाए। वहीं शिव मंदिर वार्ड में भंडारा का आयोजन हुआ। गोपेश्वर महादेव मंदिर में समिति के सदस्यों द्वारा भोग भंडारा मंक श्रध्दालुओं को खीर पूड़ी वितरित किया गया। हॉस्पिटल स्थित शिवलिंग में महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना व मानसगान की प्रस्तुति दी गई। दोपहर 1 बजे महाप्रसादी वितरण किया गया। शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक ग्राम के मानस मंडलियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।
इस अवसर पर शत्रुघन यादव, गिरवर साहू, काशीराम साहू, सुरेंद्र यादव, विश्वनाथ निषाद, रेवा राम ध्रुव, भोलू चंद्राकर, मनीष यादव, रामपाल साहू, सागर पटेल, महेंद्र यादव, कली राम निषाद, नारद साहू, राजेंद्र चंद्राकर, सीताराम सेन, लक्ष्मी नारायण साहू, महेंद्र यादव, मुन्ना साहू, संतोष साहू, मनोज यादव, लोकनाथ साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## रक्षाबंधन पर्व मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में बच्चों ने विद्यालय स्टाफ के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस रक्षाबंधन का पर्व पर स्कूल की छात्राओं ने सभी छात्रों के कलाई पर राखी बांधी। इस उपलक्ष्य में स्कूल के प्राचार्य नीलाम कोसरे ने बच्चों को इस पर्व के महत्व की जानकारी दी गई। यह पर्व भाई-बहन के बीच के स्नेह और प्रेम को दर्शाता है। इस अवसर पर माधुरी पटेल, मोनिका चंद्राकर, लता चंद्राकर, मनीषा चंद्राकर, रुकमणि सारथी, हिना चंद्राकर उपस्थित थे।

### त्योहार : धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व, भाइयों ने बहनों को दिए उपहार

# भाइयों की कलाइयों में सजी राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर सहित पूरे अंचल में भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर सहित जिले के ग्रामीण इलाकों में भी दिन भर राखी बांधने बहनों की चहल-पहल देखने को मिली। बहनें रक्षाबंधन के दिन पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई, और कुछ ताजे फूलों के बीच में दीया रख अपने भाईयों के कलाई में स्नेह की डोर राखी बांधे एवं अपने भाईयों का आरती कर सुरक्षा का वचन लिया। इस बार भद्रा का साया नहीं होने के कारण बहनें सुबह से ही राखी बांधने में जुटी रहीं, जो देर रात तक



चलता रहा। शुक्रवार को दिनभर राखी दुकानों के अलावा कपड़े, मिठाई और गिफ्ट सेंटर में खरीदारों के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। भाई-बहनों के पावन पर्व रक्षाबंधन पर अच्छी खरीददारी को देखते हुए शहर के कपड़ा बाजार में खास रौनक देखी गई। बाजार में विभिन्न किस्म की साड़ियों की विशेष डिमांड रही। कुछ महिला और युवतियां अपने भाईयों के साथ दुकान पहुंची थीं। महंगाई की मार से राखी भी अछूता नहीं रहा है। इस बार रेशम की डोर पिछले साल के मुकाबले करीब महंगी हो गई है। पिछले साल रेशम की डोर की कीमत दो से पांच रुपए के बीच थी, इस साल इसकी कीमत बढ़कर पांच से दस रुपए तक पहुंच गई है। रक्षाबंधन के लिए सजे बाजार में बच्चों की पसंद का भी खास ख्याल रखा गया। राखी के रूप में तरह-तरह के खिलौने बाजार में उपलब्ध रहें। इनमें डायरी व ग्रीटिंग वाली राखी, पेन, घड़ी, ब्रेसलेट, चेन आदि शामिल है।



## अरंड में मनाया गया रक्षाबंधन

**अरंड (पिथौरा)।** अरंड पिथौरा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक रक्षाबंधन के त्यौहार पर्व में आज धूमधाम से मनाया गया। ससुराल से मायके आई महिलाओं ने अपने भाइयों को राखी बांधी। इस दौरान बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी अपनी बहनों की सुरक्षा का वचन देकर उपहार भेंट किए। इस दौरान ग्राम अरंड के नरसिंह ध्रुव, ममता बाई ध्रुव, संनीता बाई ध्रुव, अनिता बाई, ध्रुव हेम बाई ध्रुव, हार मोती बाई ध्रुव मौजूद रहे।



## बिरकोनी में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन पर्व

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सहित अंचल में भाई बहन के अटूट स्नेह प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को हर्षोल्लास व परंपरा पूर्वक मनाया। बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई। बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस त्यौहार को लेकर घरों में बहनों द्वारा पहले से तैयारियां की गई थी। वहीं भाइयों ने बहन का तोफा पहले से खरीद ली थी। प्रातः काल घर की कुल देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। इसके पश्चात बहनों ने उपवास रखकर श्रृंगार कर थाली सजाई। जिसमें राखियों के साथ रोली हल्दी चावल दीपक मिठाई आदि रखकर भाइयों को टीका लगाकर उनकी आरती उतारी और उनकी दाहिनी कलाई पर राखी बांधी, भाइयों ने रक्षा का वचन देते हुए बहनों को उपहार प्रदान किए। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में रक्षाबंधन को लेकर रौनक का माहौल रहा। घर के बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया।

# रक्षासूत्र ने बढ़ाई रिश्तों की मिठास, भाइयों ने बहनों की रक्षा का लिया संकल्प

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में रक्षाबंधन के गीतों की मधुर धुन और त्योहार की रौनक छा गई। बहनों ने मंगल आरती कर भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षासूत्र बांधा और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। इसके बदले भाइयों ने जीवन भर रक्षा और साथ निभाने का संकल्प लेते हुए उपहार एवं आशीर्वाद दिए। यह दृश्य हर घर में भाई-बहन के अटूट प्रेम की



मिसाल पेश कर रहा था। नगर के निजी व शासकीय संस्थानों में भी रक्षाबंधन का पर्व



बड़े उत्साह से मनाया गया। कई सामाजिक संगठनों ने बच्चों और बुजुर्गों को राखी बांधकर त्योहार की मिठास को और बढ़ा दिया। वहीं, स्कूलों में छात्राओं ने सहपाठियों और शिक्षकों को राखी बांधते हुए भाईचारे और एकता का संदेश दिया। रक्षाबंधन का यह पर्व न केवल भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का प्रतीक है, बल्कि समाज में प्रेम, सहयोग और सुरक्षा की भावना को भी सशक्त करता है। इस वर्ष का उत्सव एक बार फिर साबित कर गया कि बदलते समय में भी रिश्तों की गर्माहट और परंपराओं का महत्व पहले जैसा ही है।

# ब्रम्हाकुमारी विवि में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में रक्षाबंधन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्रम्हा कुमारी बहनों ने माताओं बहनों और भाइयों को आत्म स्मृति का तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा मिठाई खिलाई और सभी को व्यसन बुराई का त्याग करने का संकल्प पत्र भराया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने सभी को इस पर्व का आध्यात्मिक रहस्य समझाया। यह पर्व भाई बहन के अटुट स्नेह का पर्व तो है ही इसके अलावा आत्म और परमात्मा के संबंध को दर्शाता है। यह पर्व पवित्रता और आत्म नियंत्रण की शपथ का प्रतीक है जो भगवान शिव के साथ ली जाती है, यह पर्व समाज का हर वर्ग मना सकता है सद्गुणों और धर्म के मार्ग पर चलने प्रेरित करता है ताकि मनुष्य भय और चिंता से मुक्त जीवन जी सकें। यह पर्व आध्यात्मिक विकास का



अवसर देता है नकारात्मकता अशांति और हिंसा से मुक्ति दिलाता है। आज के दिन गांव से भी बच्चे युवा बुजुर्ग सभी ने इस पर्व को सफल बनाने में योगदान दिया।



## बिंद्रावन स्कूल में मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**नर्रा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में श्रावण पूर्णिमा भाई-बहन का अटूट स्नेह प्यार त्यौहार रक्षाबंधन जो भारतीय संस्कृति के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के सभी छात्र को छात्रोंओं ने कलाई में रक्षासूत्र बांधकर एवं गुलाल से टीका लगा कर मिठाई खिलाया। यह पर्व भाई एवं बहनों के प्रेम-स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार के लिए सभी विद्यार्थी उत्साहित थे। रंग बिरंगी फैंसी राखियां भाइयों के कलाई में सजी। शाला परिवार के शिक्षक रामप्रसाद साहू ने सभी बच्चों को रक्षाबंधन की कहानियों एवं आवश्यकताओं को विस्तार से बताया। इस दौरान शिक्षिका वैशाली निगम, शिक्षक गोविंद सिंह चक्रधारी, डगौरी यादव, नीता ठाकुर, धनेश्वरी बांसकर इत्यादि मौजूद रहे।

## शिक्षक-पालक प्रथम मेगा बैठक में नशामुक्ति के लिए दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** शैक्षणिक सत्र 2025-2026 की शिक्षक पालक प्रथम मेगा बैठक शासकीय प्राथमिक शाला बोरिद में आयोजित की गई। पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पालक शिक्षक बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चे बोलेगा बेझिझक, बच्चों के अकादमिक प्रगति, परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, जाति/निवास/आय प्रमाण पत्र, न्यौता भोजन, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासकीय एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी, दीक्षा एप, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी विषयो पर पालकों से विस्तृत चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर संकुल केंद्र के निरीक्षक पायल साव सहायक संचालक कृषि उद्यानिकी द्वारा पालकों के साथ बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं नामांकन उपस्थिति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधानपाठक द्वारा प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण कार्यक्रम के तहत न्यौता भोज कराया गया।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक, नए सदस्यों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक में नवीन सदस्यों देव कुमार निर्मलकर नगरी निकाय, घनश्याम ध्रुव पशु चिकित्सा विभाग, केशव कुमार देवांगन जनपद पंचायत, पवन कुमार देवांगन विद्युत विभाग, गायत्री साहू शिक्षा विभाग, गिरवर साहू शिक्षा विभाग का अंग वस्त्र, श्रीफल, सदस्यता सम्मान पत्र एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसी प्रकार भागवत प्रसाद साहू का 80 वर्ष की आयु पूरी करने पर साल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। माह अगस्त में जिन पेंशनरों का जन्म दिवस है उनका जन्मदिन भी मनाया गया, इसमें कुंती देवांगन, हरकराम चंद्राकर पीसी पुरोहित का जन्मदिन मनाया गया।

इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के 200 की सहयोग राशि प्रत्येक सदस्य से जमा करने का अनुरोध किया गया। जिसके लिए पूर्व में आयोजन समिति का गठन किया गया जा चुका है, समिति के संयोजक बंशीलाल चंद्राकर, सहसंयोजक डॉ राम कुमार चंद्राकर एवं कोष प्रभारी बलराम ध्रुव ने प्रति माह प्रति सदस्य 200 रुपए राशि संग्रहण की जानकारी दी गई। प्रतिवर्ष की भांति श्रावण मास में भ्रमण में जाने के संबंध में चर्चा की गई सभी सदस्यों ने कार्तिक माह के आंवला नवमी पर भ्रमण में जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आईडीएफसी बैंक एवं एसबीआई लाइफ के अधिकारियों द्वारा भी नए सदस्यों का सम्मान मोमेंटो साल एवं श्रीफल से किया गया। संघ के संरक्षक हरक राम चंद्राकर, भागवत प्रसाद साहू एवं कुंती देवांगन द्वारा मनमोहक भजन सुनाया। कुंती देवांगन द्वारा हरि ओम में ओम समाया है मेरा भोला नगर में आया है भजन प्रस्तुत किया गया। आगामी मासिक बैठक शिक्षक दिवस 5 सितंबर को होगी। जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी द्वारा विगत माह संगठन द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक में दिलीप तिवारी अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, सचिव बीआर देवांगन, कार्यालय सचिव बलराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष मनराखन लाल ध्रुव, सदस्य एसआर देवांगन, आरके वर्मा, पवन कुमार देवांगन, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका राम बाई गुरुदत्ता, कुंती देवांगन, प्रभा पंडा, गायत्री साहू, रघुनाथ सिन्हा, बैसाखू राम निर्मलकर, बसंत कुमार चंद्राकर, आरके कश्यप, सीआर दीवान, बंशीलाल चंद्राकर, कन्हैया लाल दीवान पीसी पुरोहित, भाव सिंह नेताम, चमन लाल चंद्राकार, रघुराज सेन, डी आर सोरी, अरुण बंसोड, लखनलाल कन्नौजे, चिंतामणि चंद्राकर, एमपी साहू, मन्नू लाल साहू, केएस देवांगन, सनद कुमार यादव, भोला राम, रामलाल श्रीवास्तव, भानू प्रसाद सूर्यवंशी, के के श्रीवास्तव, सनमान सिंह दीवान, डीके निर्मलकर, जेएल साहू, ओंकार प्रसाद चंद्राकर, डीसी राव भोसले, एएल साहू, केके चंद्राकर, हरक राम चंद्राकर, भागवत प्रसाद साहू, केके देवांगन, सालिक राम चंद्राकर, ताराचंद कौशिक आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## बृजराज में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री बृजराज स्कूल में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक गोमती साहू ने घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति पर एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु, /कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति /आय/निवास प्रमाण पत्र की जानकारी, न्योता भोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं/छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं, दीक्षा एप, पास्को एक्ट 2012, ई -जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी दी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी नीलू धृतलहरे, मेघा ताम्रकार काउंसलर नशामुक्ति जिला अस्पताल द्वारा नशामुक्ति के संबंध में अपनी बात रखी एवं नशामुक्ति का शपथ दिलाया गया। संकुल समन्वयक सुरेन्द्र चंद्राकर द्वारा बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं घर पर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। एसएमसी अध्यक्ष अशोक नामदेव, पार्षद ईश्वरी भोई, शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, मनीष साहू, बिमलेश्वरी दुबे, स्वाति एवं पालक उपस्थित रहे। कक्षा पहली से अभय साहू के जन्मदिन पर न्यौता भोज में केला और जलेबी का वितरण किया गया।

# बालकों में नूर सागर, हरिशंकर, बालिकाओं में निधि, टिकेश्वरी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन फॉरेस्ट ग्राउंड वन विद्यालय में अंडर 14, 17, 19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें बागबाहरा एवं महासमुंद के खिलाड़ी शामिल हुए।

आयोजन में जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके खेल संसाधनों एवं खेल सुविधाओं की जानकारी ली, जिसमें जिले में खेल को आगे बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद का सहयोग मिल रहा हैं। खिलाड़ियों से परिचय एवं स्वागत पश्चात खेल प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य आदर्श हेमेंद्र आचार्य, पंकज चंद्राकर ने हर्ष जताया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता को संपन्न कराने में व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, अंजनी साहू, डॉ. सेवन मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, इंद्राणी भास्कर, रोशनी ध्रुव, रामेश्वरी दीवान, चारुलता गजपाल का योगदान रहा। प्रतियोगिता के परिणाम- सिंगल 14 वर्ष बालक वर्ग में नूर सागर ने प्रथम स्थान एवं ओजस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिंगल 14 वर्ष बालिका वर्ग में निधि ने प्रथम स्थान एवं रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, डबल 14 वर्ष बालिका वर्ग में सिद्रा एवं जिज्ञासा की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं रिया एवं निधि की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, डबल 19 वर्ष बालक वर्ग में पुष्पेंद्र व आशीष की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं अमन व अभय की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिंगल 19 वर्ष बालिका वर्ग में टिकेश्वरी ने प्रथम स्थान एवं मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, डबल 17 वर्ष बालक वर्ग में हरिशंकर व केशव की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं महफूस एवं नवीन की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, डबल 17 वर्ष बालिका वर्ग में ओमेश्वरी एवं मुस्कान की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं यामिनी व हंसी की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 3 सितंबर को चौबे कॉलोनी रायपुर में शामिल होंगे।

# लंबर स्कूल में व्यास पूजा



**सरायपाली।** दुर्गा हायर सेकेंडरी स्कूल लंबर में व्यास पूजा का भव्य आयोजन किया गया । प्राचार्य गजपति पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रणजीत कुमार पटेल द्वारा व्यास पूजा कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर ऋषि व्यास मुनि के तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्रसंघ के शाला नायक सृष्टि राणा और सांस्कृतिक सचिव तन्नू पटेल द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई । गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत बनाने हेतु शासन के चलायें जा रहे गुरु महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र कुमार जायसवाल द्वारा गुरु वशिष्ठ, द्रोणाचार्य, वेदव्यास, वाल्मिकी आदि हमारे भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ गुरुओं के जीवन पर प्रकाश डाला गया । व्याख्याता रणजीत कुमार पटेल ने आरुणि की गुरु भक्ति की मार्मिक कहानी सुनाकर बच्चों को नैतिक शिक्षा और नैतिक मूल्यों को आचरण में ढालने की प्रेरणा दिया। इस अवसर पर दुर्गा हायर सेकंडरी स्कूल लंबर के शिक्षक बीए साहू , एमडी मानिकपुरी, एलके साहू, सीआर जायसवाल, एलके सिदार, छात्र संघ के पदाधिकारी रश्मि राणा, तन्नू पटेल, वंदना साहू, प्रशांत साहू, चंद्रशेखर साहू, पवन बरिहा और कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के समस्त छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।



## बैठक में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला नवागांव में प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक 2025-26 का आयोजन किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद एवं सुंदर लाल सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत गुलाल वंदन एवं पुष्प गुच्छ के साथ किया गया। बैठक में सिन्हा द्वारा पालकों के साथ संवाद कर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने किया। संस्था के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू एवं नरेश्वर डडसेना द्वारा पालक-शिक्षक बैठक में 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ में दीक्षा एप, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी डाउनलोड करने के लिए अनुरोध किया गया। बैठक में शाला के शिक्षक बिहेंद्र कुमार साहू, अमर कुमार साहू, किरण दीवान, अमृतलाल निषाद, नंद कुमार कोसरे, आशीष ध्रुव उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला में नेवता भोज का आयोजन किया गया। बैठक में नागरिक अशोक पटेल, मनीराम जांगड़े, फगवाराम, नील सिंग ध्रुव, मोरध्वज सिन्हा, मनोहर सिन्हा, बलराम साहू, अंजोर, गंगाराम दीवान, राजेंद्र दीवान, राजेश कुमार, दयालू, लता सिन्हा, उमा, कविता, हीराबाई, दया बाई सहित उपस्थित सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा।

# घर में उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण से संवरेगा बच्चों का भविष्य : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों की पढ़ाई के लिए घर में उपयुक्त वातावरण तैयार करने, छात्र उपस्थिति बढ़ाने, स्वास्थ्य परीक्षण, छात्रवृत्ति योजनाओं, मध्याह्न भोजन, विशेष प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी, छात्र-छात्राओं के लिए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने और पंचायती स्तर पर बच्चों के नैतिक शिक्षा कार्यक्रमों के आयोजन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पालकों ने भी बैठक में अपनी शंकाएं साझा कीं और बच्चों की पढ़ाई, स्कूल परिवेश और सुविधाओं से संबंधित मुद्दों पर शिक्षकों और अधिकारियों से समाधान प्राप्त किया।

बैठक के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए घर और स्कूल दोनों में सकारात्मक माहौल जरूरी है। उन्होंने पालकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों के साथ रोज संवाद करें और उनकी पढ़ाई में रुचि लें, ताकि बच्चे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की जानकारी दी और कहा कि पालक-शिक्षक बैठकों के जरिए बच्चों के ड्रॉपआउट को रोका जा सकता है और पढ़ाई के प्रति बच्चों में रूचि पैदा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय बच्चों को तनाव से दूर रखने के लिए पालकों को जागरूक रहना होगा।





बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद को निरंतर बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, उचित पोषण और स्वच्छता की आदतें विकसित करने पर भी पालकों को दिशा-निर्देश दिए। डाइट प्राध्यापक उमा शर्मा ने पालकों को बताया कि वे बच्चों से रोज यह पूछें कि उन्होंने स्कूल में क्या पढ़ा और क्या सीखा, जिससे बच्चों में सीखने की आदत और संवाद कौशल विकसित होगा। बैठक के अंत में प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने सभी अधिकारियों और पालकों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मौके पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुशील कुल्हडिया, उपाध्यक्ष रेवती यादव, सदस्य ज्वाला सूर्यवंशी, शांति साहू के साथ शिक्षक चंचला गुप्ता, लता वैष्णव, ममता डड़सेना, खेमिन साहू, कल्याणी फेकर आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### आहार की अनियमितता से रोग बढ़ रहे

**महासमुंद।** निरोगधाम योग नेचुरोपैथी वैलनेस ग्राम बीके बाहरा विक्रम लाल साहू ने कहा कि आधुनिक समय में आहार -विहार की विकृति/अनियमितता के कारण लोग शारीरिक व मानसिक व्याधियों से ग्रस्त हो ही जाते हैं। पेट /आंतो का साफ नहीं होना सामान्य हो गया है, जिसकी स्थायी उपचार की सुविधा नेचुरोपैथी को छोड़कर किसी भी पैथी में उपलब्ध नहीं है। शारीरिक व्याधियों के उपचार के लिये जहरीले सिंथेटिक- दवाओं का सहारा लेना मजबूरी हो जाता है किंतु उसने व्याधियां कुछ समय के लिये दब जाती है,जड़ से समूल नष्ट कभी नहीं होती, उसके साइड इफेक्ट से नई बीमारियां पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि लोग सुविधानुसार किसी भी नेचुरोपैथी वैलनेस में जाकर जहां सुविधा उपलब्ध हो, वहां जाकर शरीर-शोधन शिविर /दो -दिवसीय शंख -प्रच्छालन शिविर अथवा एक -दिवसीय कौलन-हाइड्रोथेरेपी/वस्ती का लाभ ले सकते हैं।

### युवाओं को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नव्या योजना शुरू की गई है। इस योजना का लक्ष्य देश में कौशल विकास को बढ़ावा देना और युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर दिलाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिकवेंद्र जटवार ने बताया कि नव्या योजना को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से शुरू किया गया है। महासमुंद जिले में इस योजना का प्रशिक्षण जन शिक्षण संस्थान, स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के सामने स्थित केंद्र में दिया जा रहा है। इसके लिए बेरोजगार युवा, स्कूल या कॉलेज छोड़ चुके 16 से 18 वर्ष आयु के व्यक्ति पात्र होंगे। प्रशिक्षण विभिन्न क्षेत्रों में दिया जा रहा है। जिसमें प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट, जूट एवं एम्ब्रॉडरी एवं अन्य रोजगारोन्मुख कौशल शामिल है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है।

### घरों में ध्वज फहराने के लिए किया प्रोत्साहित

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत, लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। गायत्री चंद्राकर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता-दिवस मनाया जाता है।

# व्यास पूजन में शामिल हुए विधायक पुरंदर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बसना विधानसभा के दुर्गापाली आगमन की तैयारी के सिलसिले में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने दुर्गापाली का दौरा किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित व्यास पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री आगमन की तैयारी को लेकर समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ग्राम दुर्गापाली में आगामी 11 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा स्कूल परिसर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने सभा स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूल परिसर को मुख्यमंत्री के सभा स्थल के रूप में चयन किया गया तथा हेलीपैड के लिए धान खरीदी केंद्र आंवलाचक्का एवं हाईस्कूल मैदान रोहिना का अवलोकन किया गया। रोहिना हाई स्कूल मैदान में हेलीपैड बनाए जाने की सहमति बनी है। अधिकारियों ने रोहिना स्कूल मैदान को हेलीपैड के लिए उपयुक्त माना। इसके पूर्व भी यहां एक बार दिलीप सिंह जूदेव एवं दूसरी बार महामहीम राज्यपाल के एम सेठ का आगमन हेलीकाप्टर से चुका है।

यह ज्ञातव्य हो कि विधायक पुरंदर मिश्रा का गृहग्राम दुर्गापाली है। प्राथमिक शिक्षा दुर्गापाली में एवं मिडिल स्कूल की शिक्षा रोहिना में अध्ययन करने के पश्चात सरायपाली फिर उच्च शिक्षा के लिए रायपुर चले गए और वहीं पर रहकर रायपुर उत्तर के विधायक निर्वाचित हुए।

विधायक बनने के बाद पहली बार आज गृहग्राम दुर्गापाली आगमन होने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीण विधायक पुरंदर मिश्रा को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित थे। आज की तैयारी बैठक के दौरान बसना अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे, डीएफओ मयंक पांडे, सीईओ जनपद पंचायत बसना पीयूष सिंह ठाकुर, आरईएस एसडीओ नयन प्रधान, उद्यानिकी अधिकारी उपेंद्र नाग, विखं शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, दुर्गापाली प्रभारी प्राचार्य निर्मकर पटेल, जनपद सदस्य संतोषी मुन्ना अग्रवाल, आलोक त्रिपाठी, राजा शुक्ला सरपंच मौना राजकुमार पटेल, सोहन पटेल सहित क्षेत्र पंच सरपंच एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके बाद पुरन्दर मिश्रा ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने बसना, सरायपाली के कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। पिथौरा में पुरंदर मिश्रा ने नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, अधिवक्ता टिकेंद्र प्रधान, यू के दास, राजेश राजू अग्रवाल, राजेश एरन, जाकिर कुरैशी, नीशू माटा, विजय गुप्ता, सतीश अग्रवाल, शिव मिश्रा, राजेश गोयल जित्तू, शंकर अग्रवाल, गौ क्रांति मंच के जिलाध्यक्ष सौरभ मोनू अग्रवाल से मुलाकात कर कार्यक्रम की जानकारी देकर रूपरेखा बनाई इस दौरान जनप्रतिनिधि व पत्रकार गण उपस्थित रहे।



### प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में रक्षाबंधन और आदिवासी दिवस मनाया गया

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में रक्षाबंधन और आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या बहनों ने राखी बनाकर भाईयों को बांधा। सभी छात्राओं ने अपनी आरती की थाली सजाए हुए टीका लगाकर भाईयों का मुंह मीठा कराया गया और स्कूल में साथ सीखने-खेलने का वचन लिया। बच्चों ने पेड़-पौधों को भी रक्षा सूत्र बांधते हुए इसके रक्षा का वचन लिया। बच्चों ने आदिवासी फैंसी ड्रेस पहनावा के तौर पर घर विभिन्न पोषाकों में स्कूल पहुंचे थे। बड़ी कक्षा के बच्चे छोटी कक्षा के भाई-बहनों की मदद करते हुए दिखे। इस मौके पर प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने आदिवासी दिवस मनाए जाने संबंधी जानकारी प्रदान किया और विश्व में इनके विविध संस्कृतियों और रहन सहन से परिचित कराया। रक्षाबंधन पर्व मनाए जाने से संबंधित भी जानकारी दी गई। कक्षा 3 की छात्रा राखी साहू ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज दिया। इस कार्यक्रम में रसोईया बिसनी दीवान और हेमलता ध्रुव का भी विशेष योगदान रहा।



### सरस्वती शिशु मंदिर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में बालिका शिक्षा एवं शिशु वाटिका के अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैयाओं का बहनों द्वारा तिलक आरती करके रक्षा सूत्र बांधा गया, और भैयाओं द्वारा बहनों को जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रभारी आचार्या मनोज साहू, विद्यालय के बालिका शिक्षा प्रभारी दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तारिणी गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, शिशु भारती प्रमुख किरण सोनी, निशा गोस्वामी, शिशु वाटिका प्रमुख गुरुवारी सोनी, टिकेश्वरी चंद्राकर, साक्षी घोड़ीचोरे, तनूजा साहू, अर्चना साव, तनूजा साहू, आचार्य शिव कुमार कन्नौजे, बलराम सेन, किरण साहू, अश्वनी साहू, अजीतराम साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, हेमंत साहू, अजय कुमार तांडी, खोजेंद्र कुमार साहू, एवं विद्यालय के समस्त दीदी/आचार्यों पर सहयोग सराहनीय रहा।

### संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**महासमुंद।** आज संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक संकुल स्रोत केंद्र बृजराज में संकुल प्रभारी हेमेन्द्र आचार्य के अध्यक्षता में लिया गया। जिसमें शिक्षा विभाग के अंतर्गत चल रहे विभिन्न गतिविधियों का स्कूल वार समीक्षा किया गया । संकुल बृजराज में कुल 11 शासकीय स्कूल का विभिन्न एजेंडा को क्रमवार रखते हुए संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर ने प्रगति रिपोर्ट लिया । मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम , शैक्षणिक कैलेंडर का सुव्यवस्थित तरीके संचालन यू डाइस अध्यतन आपार आईडी ,पुस्तक स्कैन एवं वितरण, शाला समय पर उपस्थिति एवं विभिन्न गतिविधियों का क्रमशः समीक्षा किया गया । शाला में माहवार इकाई मूल्यांकन तथा कमजोर छात्रों को विशेष कक्षा लगाने निर्देशित किया गया । संकुल प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने जर्जर भवन में छात्रों को नहीं बिठाने एवं वैकल्पिक व्यवस्था बनाने कहा साथ ही शाला को समुदाय से जोड़ने के लिए पालक सम्पर्क एवं पालक शिक्षक बैठक हर महीने आयोजित करने पर जोर दिया। बैठक में उपप्राचार्य चमन चंद्राकर, प्रधान पाठक उमेश गिरी गोस्वामी, भगोली राम साहू , नरेश साहू, प्रभा चंद्राकर, सुनीता भावलकर , रामेश्वर साहू, चंद्रिका चंद्राकर, गोमती साहू, गायत्री चंद्राकर, कामनी चंद्राकर उपस्थित रहे ।

## पालक-शिक्षक बैठक में शिक्षा सर्वांगीण विकास पर विशेष चर्चा

**सरायपाली।** शासन की महत्वकांक्षी योजना के तहत पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों सहित समस्त पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। छात्र दिनचर्या पर पालकों के साथ व्याख्याता एनएल पटेल द्वारा समय प्रबंधन एवं मोबाईल के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थित पर पालकों के साथ व्याख्याता एनके भोई द्वारा सार्थक चर्चा छात्र नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करने पालकों को स्कूल के साथ मिलकर नियमित छात्र उपस्थित में सहयोग की अपेक्षा की गई तथा मासिक मूल्यांकन की जांची गई उत्तर पुस्तिकाएं एवं मासिक मूल्यांकन पर व्याख्याता सविता तिवारी द्वारा पालकों के साथ सार्थक चर्चा की गई। व्याख्याता एमके साहू द्वारा गत वर्ष बोर्ड परीक्षा के परिणाम पर चर्चा की गई। विद्यालय में पुस्तक वितरण एवं लाईब्रेरी का लाभ बच्चों को किस प्रकार मिल रहा है इस विषय पर पालकों के साथ आरके सिंह द्वारा अवगत कराया गया। अपार आईडी / आय, जाति, निवास प्रमाण तथा छात्रवृति के बारे में विस्तृत जानकारी जोगेंद्र वर्गे सहायक गेड 03 द्वारा बताया गया एवं पालकों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जागरूक किए।

मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शारदा तिवारी द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। संजय दास द्वारा बच्चों को तनाव मुक्त अध्यापन पर जोर दिया गया। उपेन्द्र साहू द्वारा पढ़ाई का महत्व जीवन में इस विषय को बताया गया। सरोज सेठ द्वारा खेलकूद तथा बच्चों के प्रति पालक का उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला गया। संस्था प्रमुख अभिमन्यु षडंगी द्वारा पालक-शिक्षक बच्चों के समन्वय जैसे विषय पर तथा शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं को पालकों से अवगत कराया गया।

व्याख्याता अनुताप विशाल तथा व्याख्याता विवेक बारीक द्वारा छात्र अनुशासन पर पालकों को बताया गया। इस अवसर पर पधारे एसडीओ विनोद कुमार श्रीवास द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं तथा भयमुक्त शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर संस्था में कार्यरत व्याख्याता धर्मेन्द्र कुमार साहू, एनएल श्रीनिवास, ब्रजकिशोर प्रेमी, खिरसाय पटेल, सौदागर साहू, भगवान सिंह ठाकुर, नितिश प्रधान, आदित्य भोइ, सुभाष सोनी, रम्भा सिदार तथा रश्मि मिश्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।

## भाजपा सत्ता के घमंड में बहुत नीचे जा रही है : अंकित




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि भाजपा के फेसबुक के आधिकारिक हैंडल से किसान बेटा और कुर्मी समाज के व्यक्ति भूपेश बघेल जो कि पूर्व मुख्यमंत्री भी रहे हैं के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और घृणित पोस्ट डाला जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है ।

इसी परिपेक्ष्य में आज अंकित बागबाहरा ने साथियों सहित जाकर बागबाहरा थाना में एफआईआर हेतु आवेदन दिया जिसमें मांग की गई कि भाजपा का हैंडल और इसके आईटी सेल प्रभारी के नाम से तत्काल एफआईआर की जाए ताकि ऐसे पोस्ट से भाजपा बाज आए । अंकित ने कहा कि लगातार छत्तीसगढ़ में अपराध बेहिसाब बढ़ रहे हैं,किसानों पर अत्याचार चरम पर है,बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा,बिजली बिल में वृद्धि हो रही है,नशे का व्यापार फल फूल रहा है,अडानी द्वारा लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं ।

इन सभी से ध्यान हटाने के लिए और अपने किए को ही सही साबित करने के लिए भाजपा तरह तरह के हथकंडे अपना रही है । जिसकी सर्वत्र निंदा हो रही है ।

इस कार्यक्रम में अंकित के साथ इंद्रा चौहान, राजू यादव, डिगेश्वर देवांगन, कृष्णा हरपाल, रिहान कोहली, सुनील ब्यौहार, शिव शंकर साहू, कृष्णा यादव, संतोष नाग, हरीश साहू आदि उपस्थित थे ।

### मछली पालन के लिए 13 तक आवेदन मंगाए

**महासमुंद।** जनपद पंचायत बागबाहरा के अधीनस्थ सोनदादर जलाशय को मछली पालन कार्य के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर दिए जाने आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बागबाहरा ने बताया कि पट्टा आंबटन प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी, जिसमें पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूहों, अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग की पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों एवं मछुआ समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी तरह सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह आदि के स्व सहायता समूहों को, अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्व सहायता समूहों एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहायता समूहों को तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व सहायता समूहों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इसी प्रकार ऐसे मछुआ व्यक्ति जिन्हें डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर मछली पालन का प्रशिक्षण प्राप्त हो। बेरोजगार युवा जो मछली पालन में रुचि रखते हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात मकान, भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गए हों, उन व्यक्तियों, परिवारों या उनके समूह, समिति को संबंधित जलक्षेत्र में पट्टे पर प्राथमिकता दी जाएगी।

## राखी बनाओ प्रतियोगिता में अंजलि साहू प्रथम

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ₹राखी बनाओ प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नवमी की 12 तथा कक्षा दसवीं की 3 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विनीता अंजली दीवान (व्याख्याता) के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें छात्राओं ने सुंदर और आकर्षक राखियों का निर्माण किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों एवं स्टाफ द्वारा सभी राखियों का अवलोकन किया गया एवं निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजलि साहू (कक्षा दसवीं), द्वितीय स्थान चांदनी साहू (कक्षा दसवीं), तृतीय मीरा यादव



(कक्षा नवमी) ने प्राप्त किय। विजेता छात्राओं को संस्था की ओर से टिफिन भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए समिति के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने सभी छात्रों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। जिन छात्राओं के भाई नहीं हैं, उन्हें पहले क्रम में खड़ा कर विधिवत आरती व तिलक कर राखी बांधी गई। इस अवसर पर सरपंच जानकी साहू ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में प्रीति साहू, तारिणी साहू, साक्षी कोसले, तनु बारले, भूमिका मानिकपुरी, भावना साहू, लीशा साहू, दिव्या ध्रुव, डीगेश्वरी साहू, डिगेश्वरी पटेल, चित्ररेखा सहित कई छात्राओं ने भाग लिया। वहीं शाला प्रबंधन समिति के संतोष कुमार साहू, भीखम साहू, तेज कुमार साहू, तोशकुमार साहू, संतोष साहू, लोमस साहू तथा स्टाफ सदस्य प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजली दीवान, भुवनेश्वरी जागड़े, ममता ठाकुर (व्याख्याता), प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, नवीन आदि उपस्थित रहे।

### पोषण पखवाड़ा के तहत बच्चों का अन्नप्राशन, गोद भराई एवं स्तनपान कार्यक्रम आयोजित

**बिरकोनी।** विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर ग्राम बिरकोनी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 में गुरुवार को महिलाओं की गोद भराई की रस्म एवं अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्ररेखा निषाद, सहायिका सुनीता निषाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यकर्ता ने बच्चे को अन्न का पहला निवाला खिलाकर अन्नप्राशन करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत की शुरुआत स्वस्थ बच्चे से होती है, माता द्वारा पिलाया गया पीला गाढ़ा दूध से ही संभव है। स्तनपान कराने से मां एवं बच्चे के बीच भावनात्मक लगाव बढ़ने के साथ मां के दूध में मौजूद पोषक तत्व से बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे बच्चा निरोग रहता है। इससे माताओं में मोटापा नहीं आता, जन्म के तुरंत बाद नवजात को स्तनपान कराने से ही शिशु मृत्यु दर में कमी आ सकती है। नवजात शिशु के लिए पीला गाढ़ा चिपचिपा युक्त मां के स्तन का पहला दूध (कोलेस्ट्रम) संपूर्ण आहार होता है। बच्चे को छह माह तक नियमित रूप से स्तनपान कराना चाहिए। पोस्टर के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर कीर्ति साहू, गोदावरी साहू, काजल साहू, तिलोत्तमा साहू, दामिनी निर्मलकर, तोषणी पटेल, सुनीता पटेल, लक्ष्मी बरिहा, परदेशनिन यादव सहित गर्भधात्री महिलाएं एवं माताएं उपस्थित थीं।




# भाजपा राज में ऋण पुस्तिका के लिए किसान, आमजन परेशान : विनोद

## तहसील दफ्तरों में नई ऋण पुस्तिका के लिए बार-बार चक्कर लगा रहे आवेदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राज में प्रदेश के किसानों व आम नागरिकों को ऋण पुस्तिका के लिए भटकना पड़ रहा है। एक तरफ मंच व आम सभाओं में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहते हैं कि अब जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही एक घंटे में नामांतरण हो जाएगा। वहीं, दूसरी ओर जमीन खरीददारों को ऋण पुस्तिका के लिए तहसील दफ्तर का चक्कर लगाने मजबूर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी खत्म करने उनकी सरकार जमीन रजिस्ट्री के साथ ही तत्काल नामांतरण सुविधा प्रदान कर रही है। उप पंजीयक के माध्यम से यह कार्य होंगे। इसमें तहसील दफ्तर की भूमिका समाप्त कर दी गई है, लेकिन ऋण पुस्तिका के लिए जमीन खरीदने वालों को तहसील में आवेदन देने की बात कही जा रही है। वहीं, तहसील में आवेदकों को ऋण पुस्तिका नहीं होने की बात कहकर महीनों से घुमाया जा रहा है। इसके अलावा दलालों के माध्यम से बड़ी रकम लेकर तत्काल ऋण पुस्तिका भी बनाया जा रहा है। यह स्थिति पूरे प्रदेश में व्याप्त है।

चंद्राकर ने कहा कि साय सरकार ने इसी साल जून में नया नियम बनाया, जिसमें जमीन की रजिस्ट्री के बाद स्वतः नामांतरण होने का उल्लेख है। रजिस्ट्री के बाद जमीन खरीदार के नाम भी चढ़ रहा है, लेकिन जमीन की ऋण पुस्तिका के लिए खरीदारों को पहले पटवारी और उसके बाद तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। तहसीलदारों ने पटवारियों को शासन के स्पष्ट गाइड लाइन नहीं होने का हवाला देते हुए नई ऋण पुस्तिका के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन देना अनिवार्य कर दिया है। यह तो बहाना है, इसके पीछे की मंशा साफ है कि खरीददार आवेदन के बहाने दरबार में हाजिरी लगाए, चढ़ावा चढ़ाए फिर काम होगा। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार जनता के सामने पाक साफ होने का या तो दिखावा कर रही है। या फिर सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं है। जिससे अधिकारी मनमानी कर रहे हैं।



महासमुंद, बागबाहरा सहित जिले के समस्त तहसीलों में खरीददारों को जमीन रजिस्ट्री के बाद जमीन की ऋण पुस्तिका नहीं दिया जा रहा। ऋण पुस्तिका के लिए अकेले महासमुंद तहसील में ही 2 हजार से अधिक आवेदन पेंडिंग है। इसके अलावा जिले के अन्य तहसीलों की ओर देखे तो आंकड़े 10 हजार के आसपास पहुंच सकता है। नई ऋण पुस्तिका के लिए तहसील कार्यालय में एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी खेती-किसानी के लिहाज से जमीन खरीदने वालों को हो रही है। वर्तमान खरीफ सीजन में ऋण पुस्तिका नहीं मिलने से सोसायटी में पंजीयन करवाने, सोसायटी से खाद व बीज उठाने में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि एकड़ व हेक्टेयर में किसानों के बीच ही खरीदी-बिक्री होती है। नामांतरण के बाद पुराने ऋण पुस्तिका और खाता में रिकार्ड को अपडेट कर दिया जाता है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के पटवारी हल्का नंबर में ऋण पुस्तिका के मामले कम है। शहरी क्षेत्र की जमीन छोटे टुकड़े (वर्ग मीटर) में खरीदी बिक्री होती है। लोग जमीन मकान बनाने के लिए खरीदते हैं। इसलिए शहरी क्षेत्र के पटवारी हल्का में नामांतरण मामले में नया ऋण पुस्तिका व खाता बनाकर देना पड़ता है। लीगल केस में जमानत लेने के लिए जमानदार को किसान विकास पुस्तिका की आवश्यकता पड़ती है। इसके बगैर न्यायालय से जमानत नहीं मिलता। जमीन का टाउन एवं कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र के लिए रजिस्ट्री के पेपर, खतौनी बी-1, खसरा और नक्शा के साथ ऋण पुस्तिका की फोटो कापी जमा करना पड़ता है।नगरीय निकाय के भवन अनुज्ञा विभाग से बिल्डिंग परमिशन के लिए जमीन के दस्तावेज के साथ ऋण पुस्तिका की छाया प्रति जमा करना पड़ता है। बैंक से ऋण लेने के लिए सभी दस्तावेज देना पड़ता है। किसान व शहरी क्षेत्र के लोग दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। किसानों व आम नागरिकों की परेशानी से सरकार को कोई सरोकार नहीं दिख रहा।

## भोरिंग के बकला बाबा महोत्सव में शामिल हुए अमर अरूण



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत भोरिंग में दो दिवसीय बकला बाबा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के द्वितीय दिवस आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर थे। उन्होंने भगवान बकला बाबा की पूजा अर्चना कर ग्राम वासियों व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू थे। विशेष अतिथियों में प्रियंका ढीढी जनपद सदस्य, लीला लोकेश्वर जनकू साहू सरपंच भोरिंग, भीखाराम साहू उप सरपंच, गिरधर आवड़े पूर्व जनपद सदस्य, उषा राजेश साहू पूर्व सरपंच, पुष्पा तेजराम साहू पूर्व उपसरपंच आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर ने कहा कि बकला बाबा महोत्सव केवल एक महोत्सव नहीं अपितु ग्राम भोरिंग सहित क्षेत्र के ग्रामीणों की आस्था का उत्सव है। उन्होंने ग्राम सियान के मार्गदर्शन में युवाओं द्वारा आयोजन की भव्यता को तथा सफलता पर खुशी जाहिर कर उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बकला बाबा समिति के अध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष मोनू साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष तेजराम साहू, तरुण साहू, ओमकार साहू, वेदप्रकाश साहू, अभिषेक नेहरू सहित पंच व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### महिला कर्मचारियों ने सीएम को भेजा रक्षासूत्र

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुंद के महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को रक्षाबंधन त्योहार के उपलक्ष्य में रक्षासूत्र डाक के माध्यम से भेजा। साथ ही अपनी 10 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया। महिलाओं ने खुशी का इजहार करते हुए रक्षाबंधन तोहफा के रूप में भाजपा घोषणा पत्र का नियमितीकरण का वादा जल्दी पूर्ण होने की उम्मीद जताई। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ अरुणा अग्रवाल व उनके टीम द्वारा राखी भेजा गया।

### दुर्गापाली में कल 251 सिंदूर के पौधे लगाए जाएंगे

**सरायपाली (ग्रामीण)।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा के गृहग्राम बसना विधानसभा के दुर्गापाली में 11 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम के तहत 251 सिंदूर के पेड़ लगाए जाने का वृहद कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पहलगांव में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। साथ ही शहीदों की याद को जीवंत रखने के साथ साथ यह पहल समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगा।

## निधन

### फेरहा राम चक्रधारी



**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव कुम्हार पारा निवासी फेरहा राम चक्रधारी 70 वर्ष का देहांत 9 अगस्त शनिवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे महानदी घाट में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित समाजिक जन शामिल हुए। वे गनेशिया चक्रधारी के पति व अवध चक्रधारी, मिथलेश चक्रधारी, जगमोहन चक्रधारी, श्रवण चक्रधारी के पिता थे।

## सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का हुआ महारुद्राभिषेक, निकली शोभायात्रा







**महासमुंद।** श्रावण मास में विधायक कार्यालय परिसर में आयोजित रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन का समापन शनिवार को पूर्णाहुति के साथ हुआ। महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम में शुक्रवार को सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण और महारुद्राभिषेक हुआ। पश्चात सवा लाख बत्ती से महाआरती हुई। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार सहित महारुद्राभिषेक में शामिल हुए। महारुद्राभिषेक पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। जिसके बाद पार्थिव शिवलिंगों के विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का समापन ग्राम ग्राम बम्हनी में हुआ।

### आरोप: जांच के लिए टीम भी हुआ गठन

# शिक्षक के खिलाफ हर्बल लाइफ के प्रचार की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने जांच टीम को जारी किया पत्र

सरायपाली शासकीय विद्यालय में पदस्थ एक शिक्षक के द्वारा एक निजी कंपनी के खाद्य पदार्थ का विक्रय एवं प्रचार किये जाने की शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के द्वारा उक्त शिकायत की जांच हेतु एक तीन सदस्यीय टीम का गठन कर अविलंब जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। उक्त तीन सदस्यीय जांच टीम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल एवं जितेंद्र रावल व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल बाराडोली शामिल है। डीईओ द्वारा जांच टीम को जारी पत्र के अनुसार विगत 18 जुलाई 2025 को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें राजेश प्रधान, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली के द्वारा हर्बल लाइफा कंपनी के खाद्य पदार्थ का विक्रय एवं प्रचार किये जाने की शिकायत की गई थी। जांच टीम को इस शिकायत के संदर्भ में अविलंब जांच कर अपने अभिमत सहित प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।



### केवल अपने शरीर के लिए करता हूं हर्बल लाइफ का सेवन: प्रधान

इस शिकायत के संबंध में सहायक शिक्षक राजेश प्रधान से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पूर्व में उनका वजन बढ़ रहा था, जिसके कारण उन्हें कुछ परेशानियों हो रही थी। इस बीच कुछ लोगों से उन्हें वजन कम करने के लिए हर्बल लाइफ के बारे में जानकारी मिली, जिस पर उन्होंने अपने सेहत के लिए इसके प्रयोग का विचार किया। वे केवल अपने शरीर के लिए एक न्यूट्रीशियन के रूप में हर्बल लाइफ के प्रोडक्ट का सेवन करते हैं। वे न तो इस कंपनी का काम करते हैं और न ही इसका किसी प्रकार का प्रचार करते हैं।

# आर्ष ज्योति गुरुकुल में वृक्ष रक्षा पर्व का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वृक्ष रक्षिते रक्षितः शास्त्रों में उल्लेख पर्यावरण संरक्षण के इस सूत्र वाक्य को ध्येय वाक्य बनाकर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष बामनसरा के 400 वर्षीय वृक्ष को तथा अन्य वृक्षों को राखी बांधकर लोगों को प्रकृति संरक्षण एवं वृक्षों की रक्षा करने हेतु आव्हान किया जाता है।

इस वर्ष आर्ष ज्योति गुरुकुल कोसरंगी में उपनयन संस्कार एवं वेदारंभ अवसर पर गुरुकुल के नव प्रवेशी ब्रह्मचारियों के साथ परिसर के वृक्षों को राखी बांधकर उपनयन संस्कार में छत्तीसगढ़ ओडिशा सहित अनेक जिले से आए 600 से 700 लोगों को ग्रीन केयर द्वारा प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में आम के वृक्ष को केंद्रित कर मुख्य कार्यक्रम मनाया। उसके बाद गुरुकुल के अन्य वृक्षों को राखी बांधी गई। पूज्य स्वामी धर्मानंद के आशीर्वाद पश्चात ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पंडित भागीरथी दुबे, पंडित कैलाश दुबे, आचार्य मुकेश आचार्य सुरेश, विक्रम साहू दूर दूर से आए बालकों के अभिभावकों के सानिध्य में संपन्न हुआ। डॉ पाणिग्राही ने जानकारी दी कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में गुरुकुल में सितंबर माह में कटहल एवं अन्य फलदार पौधों का व्यापक रोपण करेंगे। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ ने स्वीकृति एवं सहयोग हेतु गुरुकुल संस्थान का आभार व्यक्त किया।




### अमर शहीदों के नाम बहन ने बांधी राखी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में अमर वीर शहीदों के नाम से प्रतिमाओं को बहनों ने राखी बांधी। पूजा चंद्राकर ने बताया भारत देश में राखी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन सुकमा में भी राखी के त्योहार पर बहनों ने अपना ही भाइयों को राखी बांधी और नक्सल प्रभावित ऐर्राबोर में नक्सली मुठभेड़ में हुए जवानों की याद में बनाई गई मूर्तियों को बहनों ने राखी बांधी गई। नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीदों भाईयों को याद कर आज भी बहनों की आंखों में आंसू भर आते हैं।

### झेरिया यादव समाज के महिला प्रकोष्ठ ने मनाया सावन उत्सव

**महासमुंद।** झेरिया यादव समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्वाध्याय भवन में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने हरे परिधान में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए गीत, भजन, सुआ नृत्य, राऊत नाचा, कुर्सी दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किए। इस अवसर पर राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ, प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष, राहुल यादव जिला युवा प्रभारी, सारिका यादव जिला महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, एस कुमारी यादव सरपंच छुईहा, सुशीला यादव बागबाहरा, अनीता यादव, सोनिया यादव, संजू यादव, सीता यादव, प्रतिभा यदु, पायल यादव , उपासना यादव, लक्ष्मी रानी, देवकुंवर यादव, सरस्वती यदु, सावित्री यादव, लक्ष्मी यादव, शांति यादव, भुनेशवरी यादव, अनिता यादव, चंपा यादव, आशा यादव, रूकमणी यादव, रेखा यादव, प्रभा यादव, ललिता यादव, संगीता यादव, पूर्णिमा यादव, रंजना यादव, केशरी यादव, बसंती यादव, रोशनी यादव, लिलिमा यदु, केशरी यादव, निधि यादव, नीतू यादव, आंचल यादव, सरिता यादव, आकाश यादव, विनायक यादव, कान्हा यादव, दामिनी यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजू यादव एवं प्रीतम यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति से जुड़े इस तरह के सामाजिक आयोजन होने से समाज में महिलाओं की भागीदारी मजबूत होगा। सभी को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।



# सड़क किनारे घूम रहे मवेशियों को हटाकर किया जा रहा है सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों से मवेशियों को व्यवस्थित रूप से हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। गत दिवस आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम, नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद पंचायतों के सीईओ को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मवेशियों की वजह से हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल अमल किया जाए। इसी कड़ी में महासमुंद नगर में सड़क किनारे घूम रहे मवेशी को स्वच्छता कमांडो के द्वारा प्रति दिन मवेशी को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान ले जाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही सड़क पर टैग लगे मवेशी पाये जा रहे हैं। पशु पालन विभाग से जानकारी लेकर पशुपालक पर चालानी कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने ने बताया कि नगर के गोठान, काजी हाऊस का संचालन कार्य व्यवस्था के संबंध में प्रकरण आगामी पी आई सी/परिषद की बैठक में विचार्थ हेतु रखा गया है। उन्होंने बताया कि राजमार्ग से लगे अन्य ग्राम जैसे खरोरा, खैरा, लभरा, बेमचा आदि समन्वयय स्थापित कर मवेशियों को सड़क मार्ग से सुरक्षित स्थान पर हटाने में पालिका प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है, ताकि मवेशियों की वजह से सड़क पर उत्पन्न खतरे को रोका जा सके।






# रीजनल क्रिकेट प्रतियोगिता में विहान लूनिया का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सीबीएसई द्वारा ईस्ट ज़ोन अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित किया गया। जिसमें 4 राज्य बंगाल, ओडिशा, असम, छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 2 चरणों में खिलाड़यीं का चयन किया गया। जिसमें 4 टीम बनायीं गयी। इन 4 टीमों के मध्य कल आपस में मैच खिलाया जाएगा।

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि एकेडमी के खिलाड़ी विहान लूनिया का चयन इस प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। विहान का चयन इन चार राज्यों से आये हुए 14 विकेट कीपर्स में अंतिम 4 विकेट कीपर्स के लिए किया गया। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर एनआईएस क्रिकेट कोच डॉ.शबाब कुरैशी एवं टर्मिनेटर महासमुंद के कोच जमशेद रज़ा ने हर्ष जताया है।




# रंगमंच उद्घाटन एवं स्कूल पारा में सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत दारगांव में सावन के अंतिम के दिन शिव भक्ति के रंग में नवनिर्मित रंगमंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने किया। ग्राम पंचायत दारगांव के वार्ड नंबर 7 में करीब 20 वर्षों से रंगमंच की मांग की जा रही थी, जो आज अंततः नवनिर्मित रंगमंच में विधिवत शिव पूजन अर्चन के साथ रामायण गान कार्यक्रम कर उद्घाटन कराया गया और ग्रामीणजन को उपयोग के लिए रंगमंच सौंपा गया। ग्रामीणजन ने अति प्रसन्नता जाहिर करते हुए शासन प्रशासन का धन्यवाद किया और बताया कि कैसे इस रंगमंच के स्थान में ही छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरोहरों को संजोया है। इसमें पचासों वर्ष से प्रत्येक दीपावली में गौरा गौरी पूजा की जाती है, सुवा नृत्य की जाती है। प्रतिवर्ष गणेश भगवान की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है।

रामायण गान के साथ समय समय पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम नाचा गम्मत का आयोजन की जाती है और पारा के सुखदुख का कार्यक्रम भी इसमें संपन्न कराया जाता था। अध्यक्ष ने सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने के लिए ग्रामीणजन का धन्यवाद ज्ञापित किया और ये रंगमंच छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति को संजोए रखने के साथ आपके गांव के विकास और सुख समृद्धि को बनाए रखे इसके लिए अध्यक्ष द्वारा शुभकामनाएं भी दी गई। रंगमंच में उद्घाटन के साथ वार्ड नंबर 7 में ही सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम भी अध्यक्ष और उपस्थित जनप्रतिनिधियों के हाथों हुआ।

इस अवसर में काफी संख्या में ग्रामीणजन के साथ पंचायत प्रतिनिधि सभी उपस्थित रहे। जिसमें ग्राम के सरपंच उमा चंद्रहास यादव, उपसरपंच भीम ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, पूर्व सरपंच रामजीलाल सिन्हा, पूर्व सरपंच कौशल नेताम, सरपंच राजेश त्रिपाठी, पूर्व सरपंच रिंकू चेतन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, वरिष्ठ नेता मुबारक अली खान, सचिव अनिल साहू, पूर्व उपसरपंच बेदराम साहू, सिदारसिंह ठाकुर, पोखन ठाकुर, योगेश निषाद, शोभित ठाकुर, धन सिंह यादव, अजय यादव, मतिम पटेल, अंजनी, बसंत ठाकुर, चंद्रहास यादव कृष्ण यादव, जागेश्वर पटेल इत्यादि उपस्थित रहें।






# साहू समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन गत दिवस मुख्य मार्ग पर स्थित संस्कृतिक भवन में किया गया। इस समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में हिस्सा लिया। नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हुलसी देवेश साहू के द्वारा माता कर्मा की आरती पूजन एवं शिव रुद्राभिषेक से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस सावन मिलन कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों व महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कौशल्या साहू एवं रुखमणि साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम सावन झूला के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इसमें अंचल से साहू समाज की महिला बहनों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सलाहकार मोनिका साहू, गिरिजा साहू, शशिप्रभा साहू, मेनका साहू, एवं कार्यकारिणी सदस्य दमयंती साहू, सुनीता साहू, मुक्ता साहू, लोकेश्वरी साहू, प्रमिला साहू, रुखमणि साहू, प्रेमलता साहू, ममता साहू, लेखिका साहू, सुलेना साहू, लता साहू, वीणा साहू, संतोषी साहू, सुमन साहू, उमा साहू, टिकेश्वरी साहू, चंद्रकांता साहू, मंजू साहू, बाजिता साहू, कुमारी साहू, भुनेश्वरी साहू, दीना साहू, धारणी साहू, मीना साहू, नेहा साहू, मीनाक्षी साहू, कविता साहू मौजूद रहे।



